



# जिले के 39 केन्द्रों में धान उपार्जन की खरीदी की व्यवस्था

## 1 लाख 50 हजार मैट्रिक टन धान खरीदी का लक्ष्य, धान उपार्जन के लिए 30679 किसानों ने कराया है पंजीयन

नवभारत न्यूज

**सीधी, 4 दिसम्बर। जिले के 39 केन्द्रों में धान उपार्जन की व्यवस्था बनाई गई है। एक लाख 50 हजार मैट्रिक टन धान खरीदी का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिले के 30679 किसानों द्वारा उपार्जन के लिये पंजीयन कराया है।**

### यहां संचालित हुए उपार्जन केन्द्र

सीधी जिले में धान खरीदी के लिए कुसमी तहसील में बनाए गए उपार्जन केन्द्रों में सेवा सहकारी संस्था टमसार, सेवा सहकारी संस्था पोंड़ी, सेवा सहकारी समिति कुसमी, भुईमाड़, आदिम जाति सेवा सहकारी संस्था लुरघुटी, गोपद बनास तहसील में सेवा सहकारी समिति गांधीग्राम, सेवा सहकारी संस्था अमरवाह, सेवा सहकारी संस्था सीधी खुर्द, सेवा सहकारी संस्था सेमरिया, आदिम जाति सेवा सहकारी संस्था चौफाल, चुरहट तहसील में सेवा सहकारी संस्था बड़खरा, सेवा सहकारी संस्था सांडा, सेवा सहकारी संस्था कमर्जी, सेवा सहकारी समिति चुरहट, बहरी तहसील में सेवा सहकारी संस्था पतुलखी, सेवा सहकारी संस्था अमरपुर, तहसील मझौली में सेवा सहकारी संस्था मड़वास, सेवा सहकारी संस्था ताला, सेवा सहकारी संस्था मझौली, सेवा सहकारी संस्था टिकरी, सेवा सहकारी संस्था गिजवार, रामपुर नैकिन तहसील में सेवा सहकारी संस्था रामपुर नैकिन, सेवा सहकारी संस्था गुजरेड, सेवा सहकारी संस्था धनहा, सेवा सहकारी समिति कंधवार, सेवा सहकारी समिति बेल्दी, सेवा सहकारी कुड़िया, सेवा सहकारी संस्था भरतपुर, सेवा सहकारी संस्था बघवार, सिहावल तहसील में सेवा सहकारी संस्था अमिलिया, सेवा सहकारी संस्था सहजी, सेवा सहकारी संस्था बमुरी, सेवा सहकारी समिति अमरपुर शामिल हैं।



धान उपार्जन का कार्य 1 दिसम्बर से प्रारंभ हो चुका है। यह अवश्य है कि अभी खरीदी का काम उपार्जन केन्द्रों में शुरू नहीं हो सका है। यह माना जा रहा है कि एक सप्ताह में धान खरीदी का काम काफी तेजी के साथ प्रारंभ हो जाएगा। इस वर्ष अच्छी बारिश होने के कारण धान की बंपर पैदावार हुई है। विगत वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष धान का उपार्जन बढने की संभावना जताई गई है। ऐसे में जो उपार्जन केन्द्र अभी बनाए गए हैं उन्हें कम माना जा रहा है। कई ऐसे क्षेत्र हैं जहां धान उपार्जन केन्द्रों का खुलना जरूरी है। जिले में बनाए गए उपार्जन केन्द्रों में धान खरीदी के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं मुहैया कराने के निर्देश हैं। जिसमें उपार्जन केन्द्रों में खरीदी की गई फसलों को बारिश से बचाने के लिए पर्याप्त मात्रा में पालिथीन एवं तिरपाल की व्यवस्था बनाना आवश्यक है।

कई बार यह देखा जाता है कि अचानक बारिश होने पर उपार्जन केन्द्रों में खुले आसमान के नीचे रखे सैकड़ो बोरी धान भीगकर बर्बाद हो जाती है फिर भी जिम्मेदार अधिकारियों एवं उपार्जन केन्द्रों में मौजूद लोगों में लापरवाही को दूर करने की सक्रियता नजर नहीं आती। इसी वजह से सभी उपार्जन केन्द्रों में सभी सुविधाओं को चाक चौबंद बनाना काफी आवश्यक है। जिससे खरीदी का कार्य निर्बाध रूप से हो सके। बताया गया है कि अभी किसानों द्वारा स्लाट की बुकिंग न होने की वजह से उन्हें उपार्जन केन्द्रों में धान ले जाकर बेंचने की अनुमति नहीं मिली है। इसी वजह से किसान बिक्री से पूर्व आनलाइन स्लॉट बुकिंग का काम पूर्ण करेंगे और निर्धारित तिथि मिलने पर बिक्री करेंगे।

### उपार्जन से पहले धान की जांची जाएगी गुणवत्ता

जिले के धान उपार्जन केन्द्रों में जब किसान धान को बेंचने के लिए जाएंगे तो वहां उनके फसल की गुणवत्ता की जांच का काम किया जाएगा। जांच के लिए सर्वेयरों की नियुक्ति की गई है। नियुक्त किए गए सर्वेयर मशीन के माध्यम से यह जांचेंगे कि जो धान की फसल बेंचने के लिए लाई गई है उसमें नमी तो नहीं है। नमी युक्त धान को खरीदने के लिए उपयुक्त नहीं माना जाता। इसके अलावा जांच के दौरान मशीन से यह भी मालूम किया जाएगा कि उसमें दाना है या नहीं। यदि धान में दाना की मात्रा कम है तो ऐसी फसल को भी खरीदने से मना किया जाएगा। वहीं जो धान की फसल बिक्री के लिए किसान लेकर उपार्जन केन्द्र में पहुंचेंगे उसमें यह भी देखा जाएगा कि वह पूरी तरह से साफ-सुथरी है या नहीं। यदि धान की फसल में मिट्टी या अन्य सामग्री का मिश्रण है तो उसकी सफाई का काम उपार्जन केन्द्र में ही किया जाएगा। जिसका खर्चा किसान को वहन करना पड़ेगा। धान उपार्जन केन्द्र में सेम्पल के पास होने के बाद ही उसकी खरीदी होगी। इसको लेकर भी कई बार उपार्जन केन्द्रों में विवाद की स्थिति निर्मित होती है।

### इनका कहना है

शासन से मिले निर्देशों के अनुसार धान उपार्जन की व्यवस्था बनाई जा रही है। पूर्व में धान उपार्जन के दौरान जो गड़बड़िया हुई थी उसके दृष्टिगत पैनी नजर रखी जायेगी। साथ ही जिन समूहों को उपार्जन केन्द्रों की जिम्मेदारी दी जा रही है, इस बार डीडी जमा कराई जायेगी।

**प्रियल यादव, डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी खाद्य आपूर्ति अधिकारी, सीधी**

# जिले की छात्रा मीनाक्षी सिंह ने राष्ट्रीय मंच पर लहराया परचम, जिले का बढ़ाया मान

नवभारत न्यूज



**सीधी 4 दिसम्बर। जिले के कुसमी विकासखण्ड के लिए गौरवपूर्ण क्षण तब आया, जब एकलव्य विद्यालय टमसार की कक्षा 8 की मेधावी छात्रा मीनाक्षी सिंह ने हिन्दी एलोक्यूशन (भाषण) प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर सीधी जिले का नाम पूरे देश में रोशन किया।**

मीनाक्षी की यह उपलब्धि न केवल विद्यालय और परिवार के लिए, बल्कि पूरे जिले के लिए प्रेरणा का स्रोत बनी है। लगातार अभ्यास, आत्मविश्वास, विषय पर मजबूत पकड़ और शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन ने इस उपलब्धि को संभव बनाया। जिले में प्रतिभाओं की जिस उज्ज्वल परंपरा को आगे बढ़ाने का कार्य मीनाक्षी ने किया है, वह अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणादायी उदाहरण है कि सीमित संसाधनों में भी बड़ा लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है।

# सांसद ने केन्द्रीय उत्पाद शुल्क विधेयक पर तम्बाकू उत्पादों के गिनाए दुष्परिणाम

नवभारत न्यूज

**सीधी 4 दिसम्बर। लोकसभा सांसद डॉ.राजेश मिश्रा ने लोकसभा में केन्द्रीय उत्पाद-शुल्क (संशोधन) विधेयक 2025 के समर्थन में वक्तव्य देते हुए तम्बाकू उत्पादों से बनी हुई वस्तुओं से होने वाली बीमारियों और इसके दुष्प्रभावों पर विस्तार से विषय रखा।**




विधेयक का समर्थन करते हुए सांसद डॉ.राजेश मिश्रा ने कहा कि विधेयक स्वास्थायाम, अर्थायाम व राष्ट्रायाम के साथ-साथ युवाओं के लिए अत्यंत हितकारी है। सांसद डॉ.मिश्रा ने कहा कि तम्बाकू के प्रमुख दुष्प्रभावों में कैंसर, बीपी और अन्य प्रकार की बीमारियों के कारण विशेष रूप से युवा वर्ग असमय ही काल के गाल में समाऐ जा रहे हैं। तम्बाकू उत्पादों से बनी हुई वस्तुएं बीड़ी, सिगरेट, गुटका, खैनी, पान मसाला हुक्का आदि अत्यंत मीठा जहर है। तम्बाकू उत्पादों में उच्च जीएसटी लगने से उत्पाद महंगे होंगे, तो निश्चित रूप से इसका प्रयोग भी कम होगा। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण को धन्यवाद देते हुए कहा कि जब कभी स्वास्थ्य का स्वर्णिम इतिहास लिखा जाएगा तो इस बिल का जिक्र अवश्य होगा। इसे शीघ्रता से पारित होना चाहिए। लोकसभा में लगभग सात मिनट के संबोधन में सांसद डॉ.राजेश मिश्रा ने कहा कि उत्तम स्वास्थ्य से सुदृढ़ राष्ट्र का निर्माण होता है। उत्तम स्वास्थ्य प्रदान करने वाला यह बिल कांग्रेस ने 1947 से लेकर अब तक लटकाए रखा था। कांग्रेस ने कभी लोगों के स्वास्थ्य की चिंता नहीं की। कहा कि इस बिल के पारित होने से युवाओं के स्वास्थ्य की सुरक्षा होगी। हमारे युवा नशा की ओर कम अग्रसर होंगे। आजकल देखने में आ रहा है कि कम आयु वर्ग के बच्चे नशे के शिकार हो रहे हैं, जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण हैं। नशे की लत के कारण व्यक्ति तो बर्बाद होता ही है। वही उसका समूचा परिवार इस विभीषिका का शिकार हो जाता है। इसलिए इस बिल का पारित होना अत्यंत आवश्यक है।

# एआरटी क्लीनिक पंजीयन प्रकरण में विभागीय कार्यवाही लंबित नहीं : सीएमएचओ

नवभारत न्यूज

**सीधी 4 दिसम्बर। सीएमएचओ जिला सीधी ने स्पष्ट किया है कि प्रथम आईवीएफ क्लीनिक, मिश्रा नर्सिंग होम एंड डायग्नोस्टिक फाउंडेशन द्वारा एआरटी क्लीनिक लेवल-2 के पंजीयन प्रकरण में विभागीय स्तर पर कोई कार्यवाही लंबित नहीं है।**

सीएमएचओ कार्यालय के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार संस्थान को चिकित्सकों एवं स्टाफके मूल पंजीयन एवं अर्हता प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने के लिए 4 बार पत्र जारी किए गए- दिनांक 07.11.2022, 16.12.2022 तथा 13.03.2024 में सीएमएचओ द्वारा और 02.12.2025 में कलेक्टर द्वारा स्मरण पत्र भेजा गया है, इसके बावजूद आज दिनांक तक संस्था द्वारा आवश्यक मूल अभिलेख प्रस्तुत नहीं किए गए हैं। विभाग ने स्पष्ट किया है कि पंजीयन संबंधी आगे की कार्रवाई संस्था द्वारा वांछित मूल अभिलेख प्रस्तुत करने के बाद ही की जा सकेगी। साथ ही यह भी बताया गया कि खबर विभागीय जानकारी लिए बिना अपूर्ण तथ्यों के आधार पर दी गई है।

# सीधी में अपराधियों के मन से कानून का डर खत्म, पुलिस-प्रशासन पूरी तरह निष्क्रिय : ज्ञान

नवभारत न्यूज

**सीधी 4 दिसम्बर। जिले में लगातार बढ़ती आपराधिक घटनाओं पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने भाजपा सरकार में जिले की कानून व्यवस्था को पूरी तरह पंगु और ध्वस्त बताया।**

उन्होंने कहा कि सीधी में कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज़ नहीं बची है। सीधी जिले में हाल ही में हुई लगातार आपराधिक घटनाओं ने जिले की कानून-व्यवस्था की गंभीर खामियों को उजागर कर दिया है। सामूहिक दुष्कर्म, हत्या और शासकीय विद्यालय में शिक्षक-छात्रों को बंधक बनाए जाने की घटनाओं ने जिले के नागरिकों में दहशत का माहौल बना दिया है। यह स्थिति इस बात का संकेत है कि अपराधियों के मन से कानून का भय लगभग समाप्त हो चुका है। उन्होंने लगातार हो रही गंभीर घटनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि हाल ही में सीधी के जमोड़ी क्षेत्र में 16 वर्षीय नाबालिग किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया। पीड़िता सीधी शहर के निजी स्कूल के हॉस्टल में रहकर पढ़ाई कर रही थी। आरोप है कि चार युवकों ने लंबे समय तक कई बार



उसके साथ जबरन शारीरिक शोषण किया। इस घटना ने पुलिस की ढिलाई और असफलता को उजागर किया है। सेमरिया थाना के करौंदिया गांव में एक लापता युवक का खून से सना शव तालाब किनारे मिलने से हड़कम्प मच गया। ग्रामीणों में भय का माहौल बन गया है। यह घटना जिले में बढ़ती असुरक्षा भावना का प्रतीक है। सिहावल क्षेत्र के कुरावली खुर्द विद्यालय में दो नशे में धुत युवक घुस गए और लगभग एक घंटे तक शिक्षक और बच्चों को बंधक बनाकर गाली-गलौज करते रहे। यह घटना स्कूल जैसी सुरक्षित जगह की सुरक्षा पर भी सवाल खड़े करती है।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने आगे कहा कि प्रशासन और पुलिस तंत्र पूरी तरह निष्क्रिय हो चुका है। पुलिस अगर तुरंत सख्त कदम नहीं उठाती, तो जिले में हालात और भी भयावह हो जाएंगे। उन्होंने सभी मामलों में उच्च स्तरीय जांच और अपराधियों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई की मांग की है। श्री सिंह ने कहा कि इन घटनाओं के बाद प्रशासन और पुलिस के लिए सबसे बड़ी चुनौती विश्वसनीयता की है जनता का भरोसा बहाल करना, कानून व्यवस्था को मजबूत करना और अपराधियों के खिलाफ त्वरित एवं सख्त कार्रवाई करना चाहिए। जिले की जनता प्रशासन से ठोस कदम उठाने की अपेक्षा कर रही है ताकि सीधी जिले का आम जन मानस फिर से सुरक्षित महसूस करें।

# बेलहा डैम पुनर्जीवन परियोजना का सीईओ ने किया निरीक्षण

नवभारत न्यूज

**सीधी 4 दिसम्बर। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सीधी शैलेन्द्र सिंह सोलंकी द्वारा बेलहा डैम पुनर्जीवन परियोजना का स्थल निरीक्षण किया गया।**

यह परियोजना वित्तीय वर्ष 2021-22 में स्वीकृत हुई थी। बेलहा डैम पुनर्जीवन का मुख्य उद्देश्य 800 हेक्टेयर कृषि भूमि को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराना, बेलहा टैंक का पुनर्जीवन करना तथा भू-जल स्तर में वृद्धि सुनिश्चित करना है। परियोजना पूर्ण होने पर लगभग



10,000 किसानों को प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त होगा। निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सीधी धनंजय मिश्रा तथा जनपद पंचायत सीधी के अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# नगर परिषद रामपुर नैकिन में शिकायत निवारण समिति की बैठक आयोजित

नवभारत न्यूज

**सीधी 4 दिसम्बर। नगर परिषद रामपुर नैकिन में नगरीय विकास एवं आवास विभाग के उपक्रम मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी द्वारा संचालित जलप्रदाय परियोजना के सुचारू संचालन एवं समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु शिकायत निवारण समिति की बैठक आयोजित की गई।**



बैठक में नगर परिषद अध्यक्ष रामकुमार साहू, मुख्य नगर पालिका अधिकारी भैया लाल साकेत, जनप्रतिनिधि तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान जलप्रदाय कार्य से संबंधित प्राप्त शिकायतों के त्वरित समाधान की प्रक्रिया पर विस्तृत चर्चा की गई। अधिकारियों ने एस्क्रो अकाउंट के महत्व को रेखांकित करते हुए बताया कि यह तंत्र पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करता है। इसके माध्यम से जल आपूर्ति व्यवस्था से जुड़े सभी खर्चों का व्यवस्थित लेखा-जोखा रखा जा सकता है। इसके अतिरिक्त, यूज़र चार्ज के महत्व पर भी विचार-विमर्श किया गया। बताया गया कि जलप्रदाय योजना के दीर्घकालिक एवं सुचारू संचालन, सेवा गुणवत्ता में सुधार तथा वित्तीय स्थिरता के लिए यूज़र चार्ज में समुचित वृद्धि आवश्यक है। बैठक में जल कनेक्शन मीटर स्थापना की धीमी प्रगति पर भी चर्चा हुई। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि इस कार्य को गति देने के लिए जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों का सहयोग बेहद महत्वपूर्ण है। बैठक का समन्वय सामुदायिक विकास अधिकारी शैलेष तिवारी द्वारा किया गया।

# वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ मनाया गया समाजसेवियों का जन्मदिन

▸ मीसाबंदी यदुनाथ सिंह एवं वरिष्ठ समाजसेवी रुद्र प्रताप सिंह बाबा के जन्मदिन पर आयोजित हुआ कार्यक्रम

नवभारत न्यूज

**सीधी 4 दिसम्बर। जिले की महान विभूतियों का जन्मदिन एक साथ आने पर गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी इनका जन्मोत्सव हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाया गया।**



शहर के हृदय स्थल पर स्थित मां गायत्री के मंदिर में इनको अनुयायियों द्वारा जन्मदिन का आयोजन किया गया था, जहां सर्वप्रथम मंदिर प्रबंधन से जुड़े संगीत कलाकारों द्वारा मां गायत्री को याद करते हुए गायत्री वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। यह कार्यक्रम मुख्य रूप से नगर पालिका परिषद सीधी के उपाध्यक्ष दान बहादुर सिंह चौहान के द्वारा आयोजित किया गया था। बता दें कि जिले वरिष्ठ समाजसेवी एवं मीसाबंदी यदुनाथ सिंह चौहान तथा जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष व वरिष्ठ समाजसेवी रुद्र प्रताप सिंह बाबा का जन्मदिन मां गायत्री मंदिर में मंदिर के मुख्य पुजारी प्रद्युम्न जी द्वारा मां गायत्री की आराधना में समर्पित करते हुए गायत्री वंदना, गायत्री चालीसा, गायत्री मां की आरती के साथ जन्मोत्सव का उल्लास दीपोत्सव कर मनाया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष देव कुमार सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष द्वय के.के. तिवारी, इंद्रशरण सिंह, डॉ.अनूप मिश्रा, श्रीमती गीता सिंह, नीलम चौरसिया, डॉ.विक्रम सिंह, प्रमोद द्विवेदी, अभय सिंह चौहान, अतुल शर्मा शिव ग्राफिक्स, शिक्षक राजबहोर पाठक, सुधीर शुक्ला, बृजेश सिंह गोरे, वीरेन्द्र गुप्ता, नरेन्द्र सिंह, नगर मंडल अध्यक्ष पंकज पाण्डेय, राकेश मौर्य सहित भारी संख्या में उनके शुभचिंतक पहुंचकर उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए दीर्घायु होने की कामना की।



# सांदीपनि विद्यालय में नशामुक्ति शपथ कार्यक्रम आयोजित

नवभारत न्यूज

**सीधी 4 दिसम्बर। सांदीपनि शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सीधी में अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत धनंजय मिश्रा द्वारा आकस्मिक निरीक्षण किया गया।**

निरीक्षण के दौरान उन्होंने शिक्षकों, कर्मचारियों एवं छात्राओं को नशामुक्ति ई-शपथ लेने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने विज्ञान संकाय की कक्षाओं का निरीक्षण किया तथा छात्राओं को प्रेरणादायी तरीके से अध्यापन भी किया, जिसे छात्राओं एवं शिक्षकों द्वारा अत्यंत सराहनीय बताया गया। इसके पश्चात विद्यालय के शिक्षक-कर्मचारी एवं छात्राओं को सामूहिक रूप से नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई।

# इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट का रोमांचक फाइनल में गणेश स्कूल बना चैंपियन

## आर्यन बने मैन ऑफ द मैच, दिव्यांश मैन ऑफ द टूर्नामेंट, मुख्य अतिथियों की उपस्थिति में विजेता टीम का हुआ सम्मान

नवभारत न्यूज

**सीधी 4 दिसम्बर। इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट के रोमांचक फाइनल में गणेश स्कूल 23 रन से चैंपियन बन गया। जहां आर्यन मैन ऑफ द मैच व दिव्यांश मैन ऑफ द टूर्नामेंट चुने गये। मुख्य अतिथियों की उपस्थिति में विजेता टीम का सम्मान हुआ।**

इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट के प्रभारी कौशलेंद्र सिंह ने बताया कि इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट के रोमांचक फाइनल मुकाबले में आज केन्द्रीय विद्यालय और गणेश स्कूल की टीमें आमने-सामने रहीं। केन्द्रीय विद्यालय ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए गणेश स्कूल 32.5 ओवर में 174 रन बनाकर ऑल



आउट हो गई। गणेश स्कूल की ओर से अमोल गुप्ता ने सर्वाधिक 31 रन और युवराज केसरी ने 23 रन का योगदान दिया। केन्द्रीय विद्यालय की ओर से गेंदबाजी में आर्यन ने घातक प्रदर्शन करते हुए सर्वाधिक 5 विकेट झटके, जबकि शिवाय ने 2 विकेट हासिल किए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी केन्द्रीय विद्यालय की टीम 151 रन पर ऑल आउट हो गई। केन्द्रीय विद्यालय की ओर से अमृतांशु ने 39 रन और आर्यन ने 32 रन की महत्वपूर्ण पारियां खेलीं।

गणेश स्कूल की ओर से गेंदबाजी में दिव्यांश और युवराज ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 2-2 विकेट चटकाए। इस तरह गणेश स्कूल ने यह मैच 23 रन से जीतकर इस वर्ष का इंटर स्कूल क्रिकेट कप अपने नाम किया, जबकि केन्द्रीय विद्यालय उपविजेता रहा। मैच के बाद पुरस्कार वितरण समारोह में आर्यन को उनकी शानदार ऑलराउंड परफॉर्मेंस 5 विकेट एवं 32 रन के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। टूर्नामेंट के अन्य अवॉर्ड्स में कार्तिक सिंहा को बेस्ट बैट्समैन, शिवाय मिश्रा को बेस्ट बॉलर, अथर्व देव परिहार को बेस्ट फील्डर और दिव्यांश को मैन ऑफ द टूर्नामेंट से सम्मानित किया गया।

अंपायर की भूमिका में हर्ष गुप्ता एवं दिव्यराज सिंह और स्कोरर की भूमिका में हिमांशु पटेल मौजूद रहे। मैच का आनंद लेने के लिए खिलाड़ियों के अभिभावक और बड़ी संख्या में दर्शक मुख्य रूप से उपस्थित रहे। मुख्य अतिथियों द्वारा विजेता एवं उपविजेता टीम को पुरस्कार प्रदान किए गए तथा डीसीए परिवार की ओर से सभी आगंतुक अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

### कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव, मजिस्ट्रेट मुकेश शिवहरे, वरिष्ठ अधिवक्ता चंद्र मोहन गुप्ता, गणेश ग्रुप के डायरेक्टर नीरज शर्मा, डीसीए परिवार की ओर से द्वारिका गुप्ता, उपेन्द्र सिंह बघेल, विवेक सिंह चौहान, अशोक शुक्ला, कौशलेन्द्र सिंह, कैलाश वर्मा, अरुण ओझा और संतोष तिवारी उपस्थित रहे।